**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–03.08.2025 (संध्या–1900 बजे)**

**मुख्य समाचार**

- **ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उत्साह में हजारीबाग में निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा, सांसद मनीष जायसवाल ने कहा– स्वतंत्रता दिवस इस बार विशेष, प्रधानमंत्री मोदी ने संसद में अभियान की जानकारी देकर देश को किया गौरवान्वित।**

- **शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की हालत गंभीर लेकिन स्थिर, कांग्रेस अध्यक्ष और मंत्रियों ने दिल्ली अस्पताल पहुंचकर जाना हालचाल, जल्द स्वस्थ होने की जताई उम्मीद।**

- **विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो रांची में मेधावी उर्दू छात्रों के सम्मान समारोह में हुए शामिल, 347 छात्र हुए सम्मानित।**

- **मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में भारी बारिश का जारी किया येलो अलर्ट, दुमका, गोड्डा, देवघर समेत कई क्षेत्रों में तेज हवा और वज्रपात की चेतावनी।**

- **15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में झारखंड ने कर्नाटक को हरा कर, क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह।**

*******************

हजारीबाग में भाजपा की तिरंगा यात्रा कार्यशाला सांसद मनीष जायसवाल के कार्यालय में संपन्न हुई, जिसमें **ऑपरेशन सिंदूर** की सफलता के जोश में जिले भर में तिरंगा यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। सांसद जायसवाल ने कहा कि इस वर्ष का स्वतंत्रता दिवस विशेष है क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर ने देशवासियों में गौरव और उत्साह भर दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया कि उन्होंने संसद में इस अभियान की जानकारी साझा कर पूरे देश को गर्व महसूस कराया।

*******************

शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की दिल्ली स्थित अपोलो अस्पताल में हालत गंभीर लेकिन स्थिर बनी हुई है। आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, स्वास्थ मंत्री इरफान अंसारी और संजय प्रसाद यादव ने अस्पताल पहुंचकर उनका हालचाल जाना। मंत्री इरफान अंसारी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि चिकित्सकों की देखरेख में उनका इलाज जारी है और ईश्वर की कृपा से जल्द स्वास्थ्य लाभ की उम्मीद है।

*******************

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने आयुष मंत्रालय से परामर्श के बाद, आयुर्वेदिक आहार की एक सूची जारी की है। इससे खान–पान को लेकर भारत के सदियों पुराने ज्ञान को मुख्यधारा में लाने में मदद मिलेगी और उपभोक्ताओं तथा कारोबारियों– दोनों में विश्वास बढ़ेगा। एक रिपोर्ट–

*******************

सरायकेला खरसावां में स्वर्गीय प्रवीण सिंह की स्मृति में आयोजित मेगा रक्तदान शिविर में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास ने शिविर का उद्घाटन किया और

रक्तदान को समाज सेवा का महान कार्य बताया। उन्होंने युवाओं से नशामुक्त समाज के निर्माण में योगदान की अपील की।

*******************

रांची के कर्बला चौक में अंजुमन फरोग उर्दू झारखंड और जमीयतुल इराकीन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह में झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 347 उर्दू छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उर्दू भाषा, साहित्य और शिक्षा के संवर्धन को लेकर चर्चा हुई तथा अंजुमन फरोग उर्दू की ओर से अध्यक्ष को उर्दू एकेडमी और मदरसा बोर्ड गठन समेत कई मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। अध्यक्ष महतो ने आश्वासन दिया कि सभी मांगें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तक पहुंचाई जाएंगी।

*******************

राज्यपाल संतोष गंगवार ने वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है। अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर उन्होंने कहा कि हरिनारायण सिंह ने अपने दीर्घ पत्रकारिता जीवन में निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ समाज एवं राज्य की सेवा की।

झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें पत्रकारिता जगत का स्तंभ बताया। उन्होंने कहा कि उनका निधन मीडिया क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

*******************

गिरिडीह व्यवहार न्यायालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा पॉक्सो एक्ट और मोटर वाहन दुर्घटना वाद से संबंधित मामलों के त्वरित समाधान के लिए एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मार्तंड प्रताप मिश्रा, उपायुक्त राम निवास यादव, पुलिस अधीक्षक डॉ. विमल कुमार और अधिवक्ता संघ सचिव चुनु कांत ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मार्तंड प्रताप मिश्रा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन कर पीड़ितों को त्वरित न्याय उपलब्ध कराया जा सकता है।

*******************

जिला प्रशासन द्वारा चतरा जिले के आम नागरिकों को सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने एवं जन शिकायत से जुड़ी समस्याओं को दर्ज कराने के लिए लोक सेतु और जन शिकायत नाम के दो पोर्टल शुरू किए गए हैं। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*******************

**कुछ संक्षिप्त खबरें–**

- जामताड़ा जिले में इस बार समय पर अच्छी बारिश और समय से रोपाई के चलते किसानों को धान की बेहतर पैदावार की उम्मीद है। किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का भी लाभ मिल रहा है, जिससे वे कृषि कार्य में संसाधन जुटा पा रहे हैं।

- निर्वाचन आयोग ने मतदाता–सूची तैयार करने में अहम भूमिका निभाने वाले बूथ स्तरीय अधिकारियों–बीएलओ का पारिश्रमिक दोगुना कर दिया है और बीएलओ पर्यवेक्षकों के पारिश्रमिक में भी वृद्धि की है।

*******************

मौसम विभाग ने आज राज्य के कई जिलों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम प्रणाली के प्रभाव से दुमका, गोड्डा, पाकुड़, साहिबगंज, जामताड़ा, देवघर, बोकारो, हजारीबाग सहित अन्य जिलों में तेज बारिश के साथ तेज हवा चलने और वज्रपात की संभावना जताई गई है।

**<u>******************</u>**

चेन्नई में आयोजित 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में झारखंड टीम ने अपने दूसरे मुकाबले में कर्नाटक को 8–0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

**<u>*******समाप्त*******</u>**